Synergy

BSES
BSES Yamuna Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

जनवरी – फरवरी 2012

102.6 मेगाहट्र्ज पर हर शुक्रवार सुनें–दिल्ली रहे रोशन

बिजली उपभोक्ताओं के सवालों के जवाब देने और इसको लेकर उपभोक्ताओं में जागरूकता फैलाने के लिए, दिल्ली की बिजली कंपनियों – **बीवाईपीएल, बीआरपीएल और एनडीपीएल ने ऑल इंडिया रेडियो पर एक सूचनात्मक व इंटरेक्टिव कार्यक्रम दिल्ली रहे रोशन शुरू किया है। यह पिछले 28 अक्टूबर से चल रहा है, और एआईआर रेनबो 102.6 मेगाहट्र्ज पर हर शुक्रवार शाम साढ़े छह बजे से सात बजे तक प्रसारित होता है।** इसमें बिजली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी बिजली मुद्दों पर जानकारियां देते हैं। खास बात यह है कि इस कार्यक्रम को न सिर्फ दिल्ली, बल्कि दूर–दराज के इलाकों के लोगों की ओर से भी काफी अच्छा रेस्पॉन्स मिल रहा है।

बिजली वितरण व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं, सफलता की कहानी और दिल्ली के बिजली वितरण सेक्टर में सुधार आदि के बारे में विस्तार से जानने के लिए ट्यून इन करें।

यह इनफोटेनमेंट आधारित जागरूकता कार्यक्रम है, जहां न सिर्फ सूचनाएं होती हैं, बल्कि लोगों का मनोरंजन भी होता है। इसमें उपभोक्ताओं के फीडबैक, सवाल और अनुभवों को जगह दी जाती है और सवालों के जवाब भी दिए जाते हैं।

आप भी इस कार्यक्रम में भागीदारी कर सकते हैं। 9810173550 पर एसएमएस करें या फिर narenjanman@gmail.com पर ईमेल करें और कई अन्य प्रतिभागियों की तरह जीतें आकर्षक ईनाम।

ऊर्जा संरक्षण के लिए बीवाईपीएल को मिला इंडिया पावर अवॉर्ड

हाल ही में संपन्न हुए चौथे इंडिया पावर अवॉर्ड में बीवाईपीएल को **ऊर्जा कुशलता व संरक्षण यानी एनर्जी एफिशिएंसी एंड कॉन्जर्वेशन** के लिए पुरस्कृत किया गया। इंडिया पावर अवॉर्ड को काउंसिल ऑफ पावर युटीजिटीज द्वारा प्रमोट किया जाता है। बीवाईपीएल की ओर से वाइस प्रेसिडेंट, एचआर विजय लाल ने अवॉर्ड ग्रहण किया।

पिछले साल, तीसरे इंडिया पावर अवॉर्ड में बीएसईएस की बिजली कंपनियों को ओवरऑल युटीलिटी परफॉर्मेंस – अरबन एरियाज श्रेणी में पुरस्कार मिला था।

बीवाईपीएल की लोक अदालत में निपटाए गए 1175 मामले

बिजली चोरी के मामलों के तत्काल निपटारे के लिए, बीवाईपीएल ने दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण यानी डीएसएलएसए के साथ मिलकर, 10 दिसम्बर, 2011 को पूर्व और मध्य दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक मेगा लोक अदालत का आयोजन किया।

कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में आयोजित लोक अदालत को उपभोक्ताओं की ओर से जबरदस्त रेस्पॉन्स मिला। कुल 1175 उपभोक्ताओं ने इस अवसर का लाभ उठाया। यहां दोस्ताना माहौल में और तत्काल ही मामलों का निपटारा कर दिया गया। बिजली की सीधी चोरी और मीटर से छेड़छाड़ कर की जाने वाली चोरी – दोनों तरह के मामले यहां निपटाए गए।

यह एक पेपरलेस लोक अदालत थी, जहां सारा काम ऑनलाइन किया गया। इसमें करीब 15 हजार ए4 साइज कागज की बचत हुई, जो दो बड़े पेड़ों को बचाने के बराबर है।

बिजली बचत करने वाले लाइटिंग उपकरणों के उपयोग में मयूर विहार अव्वल

उपभोक्ताओं को कम कीमतों पर विश्वस्तरीय एलईडी बल्ब और सीएफएल उपलब्ध कराने के लिए बीवाईपीएल और जर्मन कंपनी ओसराम के बीच जो समझौता हुआ था, उसे उभोक्ताओं ने काफी सराहा। बिजली की भारी बचत करने वाले इन लाइटिंग उपकरणों की खरीद में मयूर विहार फेज 1 व 2 के उपभोक्ताओं ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर झिलमिल और तीसरे स्थान पर दरिया गंज के उपभोक्ता रहे। बीवाईपीएल डिविजन ऑफिसों के कुल 14 काउंटरों पर 5000 से अधिक एलईडी व सीएफएल बल्ब लोगों ने खरीदे।

यदि इस ऑफर के दौरान खरीदे गए हर एलईडी/सीएफएल को 40 वॉट के एक पुराने बल्ब की जगह लगाया जाता है, जो हर दिन कम से कम 8 घंटे जलता था–तो इससे प्रति वर्ष करीब 392, 690. 652 किलोवॉट बिजली की बचत होगी। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि इतनी बिजली बचत होगी, तो करीब 4 लाख टन कोयला नहीं जलाना पड़ेगा। इससे CO_2 में 3.28 लाख टन की कमी आएगी।

क्रम संख्या	डिविजन	एलईडी–सीएफएल की बिक्री
1.	मयूर विहार	972
2.	झिलमिल	856
3.	मयूर विहार–3	493
4.	दरियागंज	341
5.	दिलशाद गार्डन	330

बीएसईएस के पास हैं इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सबसे ज्यादा ई–चार्ज पोर्ट्स

दिल्ली में ऑटो एक्सपो होने वाला है और कई कार निर्माता कंपनियां यहां अपनी ईको फ्रेंडली इलेक्ट्रिक कारों को शोकेस करेंगी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक कार निर्माता कंपनी के साथ मिलकर, बीएसईएस ने ई–चार्जपोर्ट्स का सबसे बड़ा नेटवर्क खड़ा किया है, जहां लोग अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज कर सकते हैं। मध्य, पूर्व, दक्षिण व पश्चिम दिल्ली में कंपनी के पास कुल 50 ई–चार्जपोर्ट्स हैं, जिन्हें महिन्द्रा रेवा के सहयोग से बनाया गया है। तो अब आप माइलेज की चिंता छोड़ दें।



हम सुन रहे हैं ... डायल करें
बीवाईपीएल – 399–99–808